# श्रीसत्यनारायणव्रत पूजाकथा

## भाषाटीका

टीकाकार–पं० खूबचन्द शर्मा

संशोधित संस्करण

प्रकाशक
तेजकुमार–बुकडिपो (प्रा०) लिमिटेड
उत्तराधिकारी
नवलकिशोर–बुक डिपो, लखनऊ

उन्नीसवीं बार
२०००

सन् २००५

मूल्य
रु० १५/–

**श्रीसत्यनारायणकथा**

**की सामग्री**

केला का खंभ, पंच पल्लव, बन्दनवार, सोने की मूर्ति, कलश ५, यज्ञोपवीत, वस्त्र, रोली, कलावा, पान, सुपारी, धूप, कपूर, चावल, केशर का चन्दन, पुष्प और माला, तुलसीदल, नारियल, ऋतुफल और केला के फल, पंचामृत के लिए दूध, दही, घी, शहद और शक्कर, गंगाजल, आटा,

पूर्व




पश्चिम

रुई, दीपक, चौकी, या पाटा (पीढ़ा), पंचरंग, द्रव्य, नैवेद्य के लिए घी, शक्कर, आटा और मेवा की पँजीरी।

**हवन द्रव्य।**

तिल ... ...
चावल ... ...
जौ ... ...
घी ... ...
शक्कर ... ...
समिधा (लकड़ी) ...

वेदी के लिए बालू या मिट्टी।

श्रीगणेशाय नमः । सत्यनारायण के व्रत करनेवाले को चाहिए कि संक्रान्ति, पौर्णमासी, एकादशी अथवा जिस दिन सावकाश हो, उस दिन प्रातःकाल स्नान-सन्ध्या आदि नित्य कर्म करके यह संकल्प करे कि मैं आज सत्यनारायणजी का व्रत और पूजन करूँगा । फिर सायंकाल के समय स्नान करके पूजास्थान में आकर आसन पर बैठे और आचमन करके पवित्री धारण करे । तदनन्तर जल, अक्षत, द्रव्य और सुपारी हाथ में लेकर संकल्प करे—

ॐ तत्सदद्यैतद्ब्रह्मणोऽह्नि द्वितीयपरार्धे श्रीश्वेतवाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशतितमे-कलियुगे कलिप्रथमचरणे जम्बूद्वीपे भरतखण्डे आर्यावर्तान्तर्गतब्रह्मावर्तैकदेशान्तरगतपुण्यक्षेत्रे बौद्धावतारे वर्तमाने यथानाम संवत्सरे अमुकायने अमुकर्तौ अमुकमासे अमुकपक्षे अमुकतिथौ अमुकवासरे अमुकराशिस्थितेषु भास्करादिषु अमुकगोत्रोऽमुकशर्माऽहं सकलदुरितोपशमनसर्वा-पच्छान्तिपूर्वकसकलमनोरथसिद्ध्यर्थं यथासंपादितसामग्र्या गणेशगौरीवरुणदेवतागणपत्यादि-पञ्चलोकपालदेवतासूर्यादिनवग्रहदेवतापूजनपूर्वकं पूर्वाङ्गीकृतं श्रीसत्यनारायणपूजनं कथाश्रवणं च करिष्ये ।

अब पुष्प और अक्षत हाथ में लेकर स्वस्त्ययन पढ़े । यथा—

ॐ गणानान्त्वा गणपतिꣳ हवामहे प्रियाणान्त्वा प्रियपतिꣳ हवामहे निधीनान्त्वा निधिपतिꣳ हवामहे वसो मम ॥ आहमजानि गर्ब्भधमात्त्वमजासि गर्ब्भधम् ॥ १ ॥ स्वस्तिन इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्तिनः पूषा विश्ववेदाः ॥ स्वस्तिनस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्तिनो बृहस्पतिर्दधातु ॥ २ ॥ पयः पृथिव्यां पय ओषधीषु पयो दिव्यन्तरिक्षे पयोधाः ॥ पयस्वतीः प्रदिशः सन्तु मह्यम् ॥ ३ ॥ विष्णो रराटमसि विष्णोः श्नप्त्रेस्थो विष्णोः स्यूरसि विष्णोर्ध्रुवोऽसि ॥ वैष्णवमसि विष्णवे त्वा ॥ ४ ॥ अग्निर्देवता वातो देवता सूर्यो देवता चन्द्रमा देवता वसवो देवता रुद्रा देवतादित्या देवता मरुतो देवता विश्वेदेवा देवता बृहस्पतिर्देवतेन्द्रो देवता वरुणो देवता ॥ ५ ॥ द्यौः शान्तिरन्तरिक्षꣳ शान्तिः पृथिवी शान्तिराषः शान्तिरोषधयः शान्तिः ॥ वनस्पतयः शान्तिर्विश्वेदेवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः सर्वꣳ शान्तिः शान्तिरेव शान्तिः सामा शान्तिरेधि ॥ ६ ॥

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव ॥ यद्भद्रं तन्न आसुव ॥ ७ ॥ एतन्ते देव सवितर्यज्ञम्प्राहुर्बृहस्पतये ब्रह्मणे ॥ तेन यज्ञमवतेन यज्ञपतिन्तेन मामव ॥ ८ ॥ मनोजूतिर्जुषतामाज्यस्य बृहस्पतिर्यज्ञमिमन्तनोत्वरिष्टं यज्ञꣳ समिमन्दधातु ॥ विश्वेदेवास इहमादयन्तामों ३ प्रतिष्ठ ॥ ९ ॥

आगे लिखे मंत्र से पृथिवी का स्पर्श करके पंचोपचार पूजन करे--

ॐ भूरसि भूमिरस्यदितिरसि विश्वधाया विश्वस्य भुवनस्य धर्त्री ॥ पृथिवीं यच्छ पृथिवीन्दꣳह पृथिवीं माहिꣳसीः ॥

आगे लिखे मंत्र से कलश में वरुण का आवाहन कर षोडशोपचार पूजन करे--

ॐ वरुणस्योत्तम्भनमसि वरुणस्य स्कम्भसर्जनीस्थो वरुणस्य ऋतसदन्यसि वरुणस्य ऋतसदनमसि वरुणस्य ऋतसदनमासीद ॥ वरुणमावाहयामि। वरुणाय पाद्यं समर्पयामि। वरुणाय अर्घ्यं समर्पयामि। वरु० आचमनीयं स०। वरु० स्नानं स०। वरु० वस्त्रं स०। वरु० गन्धं स०। वरु० अक्षतान् स०। वरु० पुष्पाणि स०। वरु० धूपमाघ्रापयामि। वरु० दीपं दर्शयामि।

वरु० नैवेद्यं निवेदयामि । वरु० फलं स० । वरु० आचमनीयं स० । वरु० ताम्बूलं स० । वरु० दक्षिणां समर्पयामि ।

इस प्रकार सब देवताओं का षोडशोपचार पूजन करना चाहिए ।

"ॐ गणानान्त्वा" इस मंत्र से गणेशजी का आवाहन कर पूजन करे। पश्चात् आगे लिखे हुए मंत्रों से सूर्य आदि नवग्रहों का आवाहन कर षोडशोपचार पूजन करे––

ॐ आकृष्णेन रजसा वर्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यँ च ॥ हिरण्ययेन सविता रथेनादेवो याति भुवनानि पश्यन् ॥ १ ॥ सूर्याय नमः ॥ सूर्यमावाहयामि पूजयामि ॥ एवं सर्वत्र । इमं देवाऽसपत्नꣳ सुवध्वं महते क्षत्राय महते ज्यैष्ठ्याय महते ज्यानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय ॥ इमममुष्य पुत्रममुष्यै पुत्रमस्यै विश एष वोमी राजा सोमोऽस्माकं ब्राह्मणानाꣳ राजा ॥ २ ॥ चन्द्राय नमः ॥ अग्निर्मूर्धादिवः ककुत्पतिः पृथिव्याऽअयम् ॥ अपाꣳ रेताꣳसि जिन्वति ॥ ३ ॥ भौमाय नमः ॥ उद्बुध्यस्वाग्ने प्रतिजागृहित्वमिष्टापूर्ते सꣳसृजेथामयं च ॥ अस्मिन्त्सधस्थे अध्युत्तरस्मिन्विश्वेदेवा यजमानश्च

सीदत ॥ ४ ॥ बुधाय नमः ॥ बृहस्पते अतियदर्यो अर्हाद्युमद्विभाति क्रतुमज्जनेषु ॥ यद्दीदयच्छ-
वस ऋतप्रजाततदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम् ॥ ५ ॥ बृहस्पतये नमः ॥ अन्नात्परिश्रुतोरसं
ब्रह्मणाव्यपिबत्क्षत्रं पयः सोमं प्रजापतिऋतेन सत्यमिन्द्रियं विपानꣳ शुक्रमन्धस इन्द्रस्येन्द्रिय-
मिदं पयोऽमृतं मधु ॥ ६ ॥ शुक्राय नमः ॥ शन्नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये ॥ शंय्यो-
रभिस्रवन्तु नः ॥ ७ ॥ शनैश्चराय नमः ॥ कयानश्चित्र आभुवदूती सदा वृधः सखा ॥ कया
शचिष्ठयावृता ॥ ८ ॥ राहवे नमः ॥ केतुं कृण्वन्नकेतवे पेशो मर्य्याऽअपेशसे ॥ समुषद्भिरजा-
यथाः ॥ ९ ॥ केतवे नमः ॥

आगे लिखे हुए मंत्रों से ब्रह्मादि देवताओं का आवाहन कर षोडशोपचार पूजन करे—

ॐ ब्रह्मयज्ञानं प्रथमं पुरस्ताद्विसीमतः सुरुचोवेन आवः ॥ सबुध्न्या उपमा अस्यविष्ठाः
सतश्च योनिमसतश्च विवः ॥ १ ॥ ब्रह्मणे नमः ॥ विष्णोरराटमसि विष्णोः श्नप्त्रेस्थो विष्णोः
स्यूरसि विष्णोर्ध्रुवोऽसि ॥ वैष्णवमसि विष्णवे त्वा ॥ २ ॥ विष्णवे नमः ॥ नमः शंभवाय च

मयोभवाय न नमः शङ्कराय च मयस्कराय च नमः शिवाय च शिवतराय च ॥ ३ ॥ शिवाय नमः ॥ श्रीश्च ते लक्ष्मीश्च पत्न्यावहोरात्रे पार्श्वे नक्षत्राणि रूपमश्विनौ व्यात्तम् ॥ इष्णन्निषाणामुम्मइषाण सर्वलोकं मइषाण ॥ ४ ॥ लक्ष्म्यै नमः ॥

अब सत्यनारायणजी की पूजा का विधान कहा जाता है । हाथ में पुष्प लेकर सत्यनारायणजी का ध्यान करे——

ध्यायेत्सत्यं गुणातीतं गुणत्रयसमन्वितम् ॥ लोकनाथं त्रिलोकेशं कौस्तुभाभरणं हरिम् ॥ १ ॥
नीलवर्णं पीतवस्त्रं श्रीवत्सपदभूषितम् ॥ गोविन्दं गोकुलानन्दं ब्रह्माद्यैरपि पूजितम् ॥ २ ॥

इस प्रकार ध्यान करे।

व्यक्ताव्यक्तस्वरूपाय हृषीकपतये नमः ॥ मया निवेदितो भक्त्या अर्घोऽयं प्रतिगृह्यताम् ॥ ३ ॥

इससे अर्घ्य दे ।

नारायण नमस्तेऽस्तु नरकार्णवतारकं ॥ पाद्यं गृहाण देवेश मम सौख्यं विवर्धय ॥ ४ ॥

इससे पाद्य दे ।

मन्दाकिन्यास्तु यद्वारि सर्वपापहरं शुभम् ॥ तदिदं कल्पितं देव सम्यगाचम्यतां त्वया ॥ ५ ॥

इससे आचमन करावे ।

स्नानं पञ्चामृतैर्देव गृहाण पुरुषोत्तम ॥ अनाथनाथ सर्वज्ञ गीर्वाणप्रणतिप्रिय ॥ ६ ॥

इससे पञ्चामृत से स्नान करावे ।

वेदसूक्तसमायुक्ते यज्ञसामसमन्विते ॥ सर्ववर्णप्रदे देव वाससी प्रतिगृह्यताम् ॥ ७ ॥

इससे वस्त्र चढ़ावे ।

ब्रह्माविष्णुमहेशेन निर्मितं ब्रह्मसूत्रकम् ॥ यज्ञोपवीतदानेन प्रीयतां कमलापतिः ॥ ८ ॥

इससे यज्ञोपवीत पहनावे ।

श्रीखण्डं चन्दनं दिव्यं गन्धाढ्यं सुमनोहरम् ॥ विलेपनं सुरश्रेष्ठ चन्दनं प्रतिगृह्यताम् ॥ ९ ॥

इससे चन्दन चढ़ावे ।

मल्लिकादि सुगन्धीनि मालत्यादीनि वै प्रभो ॥ मयाहृतानि पूजार्थं पुष्पाणि प्रतिगृह्यताम् ॥ १० ॥
इससे पुष्प चढ़ावे ।

वनस्पतिरसोद्भूतो गन्धाढ्यो गन्ध उत्तमः ॥ आघ्रेयः सर्वदेवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम् ॥ ११ ॥
इससे धूप दे ।

साज्यं च वर्तिसंयुक्तं वह्निना योजितं मया ॥ दीपं गृहाण देवेश त्रैलोक्यतिमिरापह ॥ १२ ॥
इससे दीप दिखावे ।

घृतपक्वं हविष्यान्नं पायसं च सशर्करम् ॥ नानाविधं च नैवेद्यं विष्णो मे प्रतिगृह्यताम् ॥ १३ ॥
इससे नैवेद्य का भोग लगावे ।

सर्वपापहरं दिव्यं गाङ्गेयं निर्मलं जलम् ॥ आचमनं मया दत्तं गृह्यतां पुरुषोत्तम ॥ १४ ॥
इससे गङ्गाजल का आचमन करावे ।

लवङ्गकर्पूरयुतं ताम्बूलं सुरपूजितम् ॥ प्रीत्या गृहाण देवेश मम सौख्यं विवर्द्धय ॥ १५ ॥
इससे ताम्बूल चढ़ावे ।

इदं फलं मया देव स्थापितं पुरतस्तव ॥ तेन मे सुफलावाप्तिर्भवेज्जन्मनि जन्मनि ॥ १६ ॥

इससे फल चढ़ावे ।

चतुर्वर्तिसमायुक्तं घृतेन च सुपूरितम् ॥ नीराजनेन सन्तुष्टो भवत्येव जगत्पतिः ॥ १७ ॥

इससे आरती करे ।

यानि कानि च पापानि जन्मान्तरकृतानि च ॥ तानि तानि विनश्यन्ति प्रदक्षिणपदेपदे ॥ १८ ॥

इससे प्रदक्षिणा करे । इसके पीछे पुष्पाञ्जलि और नमस्कार करके प्रार्थना करे—

यन्मया भक्तियुक्तेन पत्रं पुष्पं फलं जलम् ॥ निवेदितं च नैवेद्यं तद्गृहाणानुकम्पया ॥ १९ ॥

मन्त्रहीनं क्रियाहीनं भक्तिहीनं जनार्दन ॥ यत्पूजितं मया देव परिपूर्णं तदस्तु मे ॥ २० ॥

अमोघं पुण्डरीकाक्षं नृसिंहं दैत्यसूदनम् ॥ हृषीकेशं जगन्नाथं वागीशं वरदायकम् ॥ २१ ॥

गुणत्रयं गुणातीतं गोविन्दं गरुड़ध्वजम् ॥ जनार्दनं जनातीतं जानकीवल्लभं हरिम् ॥ २२ ॥

प्रणमामि सदा भक्त्या नारायणमतः परम् ॥ दुर्गमे विषमे घोरे शत्रुभिः परिपीडिते ॥ २३॥
निस्तारयस्त्र सर्वेषु यथानिष्टभयेषु च ॥ नामान्येतानि संकीर्त्य ईप्सितं फलमाप्नुयात् ॥२४॥
सत्यनारायणं देवं वन्देऽहं कामदं प्रभुम् ॥ लीलया विततं विश्वं येन तस्मै नमो नमः ॥२५॥
इति प्रार्थना ॥

पूजनं समाप्तम् ।

१०

श्रीगणेशायनमः ॥ अब कथा प्रारम्भ करते हैं। व्यासजी कहते हैं कि एक समय नैमिषारण्य तीर्थ में शौनक आदि सब (अट्ठासी हजार) ऋषियों ने पुराणों के जाननेवाले

अथ कथा ॥ व्यास उवाच ॥ एकदा नैमिषारण्ये ऋषयः शौनकादयः ॥ पप्रच्छुर्मुनयः सर्वे सूतं पौराणिकं खलु ॥ १ ॥ ऋषय ऊचुः ॥ व्रतेन तपसा किं वा प्राप्यते वाञ्छितं फलम् ॥ तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामः कथयस्व महामते॥ २ ॥ सूत उवाच ॥ नारदेनैव संपृष्टो भगवान् कमलापतिः ॥ सुरर्षये यथैवाह तच्छृ-

सूतजी से पूछा ॥ १ ॥ ऋषिलोग कहते हैं, कि हे महामते, सूतजी ! व्रत और तप से क्या अभीष्ट फल प्राप्त होता है, उस संपूर्ण व्रत-फल के सुनने के लिये हम लोगों की इच्छा है सो आप कहिए ॥ २ ॥ सूतजी बोले कि नारदजी के पूछने पर लक्ष्मीपति भगवान् ने देवर्षि नारदजी से जिस प्रकार

कहा था उसे सावधान होकर सुनो ॥ ३ ॥ परोपकार की इच्छा से अनेक लोकों में घूमते हुए परम योगी नारदजी एक समय मृत्युलोक में आये ॥ ४ ॥ यहाँ अनेक प्रकार के क्लेशों

णुध्वं समाहिताः ॥ ३ ॥ एकदा नारदो योगी परानुग्रहकांक्षया ॥ पर्यटन् विविधाँल्लोकान् मर्त्यलोकमुपागतः ॥ ४ ॥ ततो दृष्ट्वा जनान् सर्वान्नाना-क्लेशसमन्वितान् ॥ नानायोनिसमुत्पन्नान् क्लिश्यमानान् स्वकर्मभिः ॥ ५ ॥ केनोपायेन चैतेषां दुःखनाशो भवेद्ध्रुवम् ॥ इति संचिन्त्य मनसा विष्णुलोकं गतस्तदा ॥ ६ ॥ तत्र नारायणं देवं शुक्लवर्णं चतुर्भुजम् ॥ शंखचक्रगदापद्म-

(कायिक, वाचिक और मानसिक क्लेशों) से युक्त और अनेक प्रकार की योनियों से उत्पन्न हुए अपने कर्मों से दुःखित मनुष्यों को देखकर ॥ ५ ॥ नारदजी 'किस उपाय से इन लोगों का दुःख दूर हो' ऐसा मन से विचार कर, उसी समय वैकुण्ठ को चले गए ॥ ६ ॥ वहाँ जाके

श्वेतवर्ण तथा चार भुजावाले एवं शंख, सुदर्शनचक्र, कौमोदकी गदा, कमलपुष्प और वन-माला से अलंकृत श्रीसत्यनारायण देव (श्रीविष्णुजी) को ॥ ७ ॥ देखकर उन देवादि-देव भगवान् की स्तुति करने के लिये तत्पर हुए। नारदजी बोले कि वाणी और मन से आपका

वनमालाविभूषितम् ॥७॥ दृष्ट्वा तं देवदेवेशं स्तोतुं समुपचक्रमे ॥ नारद उवाच॥ नमो वाङ्मनसातीतरूपायानन्तशक्तये ॥ ८ ॥ आदिमध्यान्तहीनाय निर्गुणाय गुणात्मने ॥ सर्वेषामादिभूताय भक्तानामार्तिनाशिने ॥ ९ ॥ श्रुत्वा स्तोत्रं ततो

रूप नहीं जाना जा सकता है, आपकी शक्तियाँ अपार हैं ॥ ८ ॥ आपका आदि, मध्य और अन्त नहीं है, आप निर्गुण (गुणरहित) और गुणों की आत्मा (सत, रज और तमोगुण के रचनेवाले) हो और आप सबके आदि कारण तथा भक्तों की पीड़ा को नाश करनेवाले हो, आपके लिये नमस्कार है ॥ ९ ॥ इसके अनन्तर भगवान् स्तुति सुनकर नारदजी से कहने

लगे। श्रीभगवान् कहते हैं कि तुम किस कार्य के लिये आये हो और तुम्हारे मन में क्या है? ॥ १० ॥ सो कहो। हे महाभाग! (नारद!) तुमसे सबका उत्तर कहे देता हूँ। नारदजी

विष्णुर्नारदं प्रत्यभाषत। श्रीभगवानुवाच ॥ किमर्थमागतोऽसि त्वं किं ते मनसि वर्तते ॥१०॥ कथयस्व महाभाग तत्सर्वं कथयामि ते॥ नारद उवाच ॥ मर्त्यलोके जनाः सर्वे नानाक्लेशसमन्विताः ॥ नानायोनिसमुत्पन्नाः पच्यन्ते पापकर्म-भिः॥११॥ तत्कथंशमयेन्नाथलघूपायेन तद्वद ॥ श्रोतुमिच्छामि तत्सर्वंकृपाऽस्ति

बोले कि मृत्युलोक में सब मनुष्य नाना प्रकार के क्लेश पा रहे हैं और अनेक योनियों से उत्पन्न हुए पापकर्मों से दुःखित हैं ॥ ११ ॥ हे नाथ! छोटे (थोड़े) से उपाय से वह पाप-कर्म कैसे शान्त हो, उसे कहिए। यदि मुझ पर आपकी कृपा है तो उस संपूर्ण उपाय को सुनना

चाहता हूँ ॥ १२ ॥ श्रीभगवान् कहते हैं कि हे पुत्र! तुमने संसार की भलाई की इच्छा से बहुत अच्छी बात पूछी। जिसको करके प्राणी मोहजाल से छूट जाता है वह उपाय तुमसे

यदि ते मयि ॥ १२॥ श्रीभगवानुवाच ॥ साधु पृष्टं त्वया वत्स लोकानुग्रहकांक्षया ॥ यत्कृत्वा मुच्यते मोहात्तच्छृणुष्व वदामि ते ॥ १३ ॥ व्रतमस्ति महत्पुण्यं स्वर्गे मर्त्ये च दुर्लभम् ॥ तव स्नेहान्मया वत्स प्रकाशः क्रियतेऽधुना ॥ १४ ॥ सत्यनारायणस्यैव व्रतं सम्यग्विधानतः ॥ कृत्वा सद्यः सुखं भुक्त्वा परत्र मोक्षमाप्नुयात् ॥ १५ ॥ तच्छ्रुत्वा भगवद्वाक्यं नारदो मुनिरब्रवीत् ॥ नारद उवाच ॥

कहता हूँ, सुनिए ॥ १३ ॥ स्वर्ग और मृत्युलोक में परम दुर्लभ तथा बड़ा पवित्र एक व्रत है, हे पुत्र! तुम्हारे स्नेह से मैं अब उसे प्रकट करता हूँ ॥ १४ ॥ विधिपूर्वक सत्यनारायण के व्रत को करके मनुष्य शीघ्र ही सुख को भोगता है और अन्त में मोक्ष को प्राप्त होता है ॥ १५ ॥ भगवान्

के ऐसे वचन सुनकर नारदमुनि बोले कि (हे भगवन्!) उस व्रत का क्या फल है, क्या विधि है और किसने उस व्रत को किया है ॥ १६ ॥ तथा वह व्रत किस दिन किया जाता है। यह सब विस्तार के साथ कहिए। श्रीभगवान् बोले कि वह व्रत दुःख और शोक आदि को दूर

किं फलं किं विधानं च कृतं केनैव तद्व्रतम् ॥ १६ ॥ तत्सर्वं विस्तराद् ब्रूहि कदा कार्यं हि तद्व्रतम् ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ दुःखशोकादिशमनं धनधान्यप्रवर्धनम् ॥ १७ ॥ सौभाग्यसन्ततिकरं सर्वत्र विजयप्रदम् ॥ यस्मिन् कस्मिन् दिने मर्त्यो भक्तिश्रद्धासमन्वितः ॥ १८ ॥ सत्यनारायणं देवं यजेच्चैव निशा-

करनेवाला तथा धन और धान्य का बढ़ानेवाला ॥ १७ ॥ सौभाग्य और सन्तान का करनेवाला एवं सब जगह विजय का देनेवाला है। इसलिये जिस दिन मनुष्य व्रत करना चाहे उस दिन श्रद्धा और भक्ति के साथ ॥ १८ ॥ सायंकाल के समय ब्राह्मण और अपने भाई-

बन्धुओं से युक्त हुआ धर्म में तत्पर होकर सत्यनारायण देव का पूजन करे ॥ १९ ॥ भक्तिभाव करके सवाईयुक्त (सवा सेर, सवा पाँच सेर, सवा मन आदि) खाने योग्य उत्तम नैवेद्य भगवान् को अर्पण करे तथा केला के फल, घी, दूध, गेहूँ का चून (आटा) ॥ २० ॥ गेहूँ के

मुखे ॥ ब्राह्मणैर्बान्धवैश्चैव सहितो धर्मतत्परः ॥१९॥ नैवेद्यं भक्तितो दद्यात्सपादं भक्ष्यमुत्तमम् ॥ रम्भाफलं घृतं क्षीरं गोधूमस्य च चूर्णकम् ॥ २० ॥ अभावे शालिचूर्णं वा शर्करा च गुडं तथा ॥ सपादं सर्वभक्ष्याणि चैकीकृत्य निवेदयेत् ॥ २१ ॥ विप्राय दक्षिणां दद्यात्कथां श्रुत्वा जनैः सह ॥ ततश्च बन्धुभिः

अभाव में चावल का आटा, शक्कर या गुड़ यह सब भोजन का सामान सवा सेर आदि के प्रमाण से इकट्ठा करके भगवान् को अर्पण करे ॥ २१ ॥ और जनसमुदाय के साथ कथा को सुनकर ब्राह्मण को दक्षिणा दे। फिर बान्धवों के साथ ब्राह्मणों को भोजन

करावे ॥ २२ ॥ स्वयं भी भक्ति से प्रसाद को खावे और नाच-गान करे । तदनन्तर सत्यनारायणजी का स्मरण करता हुआ अपने घर[1] को जावे ॥ २३ ॥ इस प्रकार करने से निःसंशय मनुष्यों की कामनाएँ पूरी होती हैं । विशेषकर कलियुग में पृथ्वी पर यही छोटा सा उपाय है ॥२४॥

साधं विप्रांश्च प्रतिभोजयेत् ॥ २२ ॥ प्रसादं भक्षयेद्भक्त्या नृत्यगीतादिकं चरेत् ॥ ततश्च स्वगृहं गच्छेत्सत्यनारायणं स्मरन् ॥ २३ ॥ एवं कृते मनुष्याणा वाञ्छासिद्धिर्भवेद्ध्रुवम् ॥ विशेषतः कलियुगे लघूपायोऽस्ति भूतले ॥ २४ ॥

इति श्रीस्कन्दपुराणे रेवाखण्डे सत्यनारायणव्रतकथायां प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

इस प्रकार स्कन्दपुराणान्तर्गत रेवाखण्ड में सत्यनारायण व्रत कथा का भाषा-टीका में पहला अध्याय समाप्त हुआ ॥ १ ॥

॥ ॥

१—इससे यह प्रकट होता है कि पहले समय में सत्यदेव का पूजन देवमन्दिर या किसी नदी के किनारे पर होता था । अब भी राजपूताना, मारवाड़, हरियाना आदि प्रान्तों में अधिकतर देवालयों में पूजन हुआ करता है और जनसमुदाय सुनने जाया करता है ।

सूतजी बोले कि हे ब्राह्मणो ! इसके अनन्तर पहले जिसने इस व्रत को किया है उसका
अन्य इतिहास कहता हूँ। रमणीक काशीपुरी में कोई अत्यन्त निर्धन ब्राह्मण हुआ था ॥ १ ॥
वह भूख और प्यास से व्याकुल हुआ हमेशा पृथ्वीमंडल में घूमा करता था। उस दुःखित

सूत उवाच ॥ अथान्यत्संप्रवक्ष्यामि कृतं येन पुरा द्विजाः ॥ कश्चित्काशीपुरे
रम्ये ह्यासीद्विप्रोऽतिनिर्धनः ॥ १ ॥ क्षुतृड्भ्यां व्याकुलो भूत्वा नित्यं बभ्राम
भूतले ॥ दुःखितं ब्राह्मणं दृष्ट्वा भगवान् ब्राह्मणप्रियः ॥ २ ॥ वृद्धब्राह्मणरूपस्तं
पप्रच्छ द्विजमादरात् ॥ किमर्थं भ्रमसे विप्र महीं नित्यं सुदुःखितः ॥ ३ ॥ तत्सर्वं

ब्राह्मण को देखकर ब्राह्मणों से प्रीति करनेवाले भगवान् ने ॥ २ ॥ बूढ़े ब्राह्मण का रूप धारण
करके उस ब्राह्मण से आदर के साथ पूछा कि हे ब्राह्मण ! तुम दुःखित होकर नित्य ही भूमि पर
किसलिए विचरा करते हो ? ॥ ३ ॥ हे द्विजोत्तम ! उस सबको मैं सुनना चाहता हूँ, आप

कहिए। ब्राह्मण बोले कि मैं अत्यन्त दरिद्री ब्राह्मण हूँ, भिक्षा के लिए पृथ्वी पर भ्रमण किया करता हूँ॥ ४ ॥ हे प्रभो ! यदि आप (दरिद्रता से छूटने का) कुछ उपाय जानते हैं, तो कृपा

श्रोतुमिच्छामि कथ्यतां द्विजसत्तम ॥ ब्राह्मण उवाच ॥ ब्राह्मणोऽतिदरिद्रोऽहं भिक्षार्थं वै भ्रमे महीम् ॥ ४ ॥ उपायं यदि जानासि कृपया कथय प्रभो ॥ वृद्धब्राह्मण उवाच ॥ सत्यनारायणो विष्णुर्वाञ्छितार्थफलप्रदः ॥ ५ ॥ तस्य त्वं पूजनं विप्र कुरुष्व व्रतमुत्तमम् ॥ यत्कृत्वा सर्वदुःखेभ्यो मुक्तो भवति मानवः ॥ ६ ॥ विधानं च व्रतस्यापि विप्रायाभाष्य यत्नतः ॥ सत्यनारायणो वृद्ध-

करके कहिए। वृद्ध ब्राह्मणरूपधारी भगवान् बोले कि सत्यनारायण भगवान् मनोवाञ्छित प्रयोजनरूपी फल के देनेवाले हैं॥ ५ ॥ हे ब्राह्मण ! तुम उन्हीं का पूजन और उत्तम व्रत करो। उस व्रत और पूजन को करके मनुष्य सब दुःखों से छूट जाता है॥ ६ ॥ और व्रत की विधि को भी

यत्नपूर्वक ब्राह्मण से कहकर वृद्ध ब्राह्मणरूपी सत्यनारायणजी वहीं अन्तर्धान (गुप्त) होगये ॥ ७ ॥ "ब्राह्मणदेव ने जिस व्रत के लिए कहा था उस व्रत को मैं अवश्य करूँगा" ऐसा विचार करके वह ब्राह्मण रात्रि में निद्रा को नहीं प्राप्त हुआ ॥ ८ ॥ इसके पश्चात् वह ब्राह्मण प्रातःकाल उठकर

स्तत्रैवान्तरधीयत ॥ ७ ॥ तद्व्रतं संकरिष्यामि यदुक्तं ब्राह्मणेन वै ॥ इति सञ्चिन्त्य विप्रोऽसौ रात्रौ निद्रां न लब्धवान् ॥ ८ ॥ ततः प्रातः समुत्थाय सत्यनारायणव्रतम् ॥ करिष्य इति संकल्प्य भिक्षार्थमगमद्द्विजः ॥ ९ ॥ तस्मिन्नेव दिने विप्रः प्रचुरं द्रव्यमाप्तवान् ॥ तेनैव बन्धुभिः सार्द्धं सत्यस्य व्रतमाचरत् ॥ १० ॥ सर्व-

"मैं सत्यनारायणजी का व्रत करूँगा" ऐसा संकल्प करके भिक्षा के लिए गया ॥ ९ ॥ उसी दिन उस ब्राह्मण को बहुत सा धन मिल गया । उस धन से अपने भाई-बन्धुओं के साथ उसने सत्यदेव का व्रत-पूजन किया ॥ १० ॥ उस व्रत के प्रभाव से वह ब्राह्मणश्रेष्ठ सब दुःखों से

छूटकर सब प्रकार की संपत्तिवाला हो गया ॥ ११ ॥ उस काल से लेकर महीने-महीने में व्रत किया। इस प्रकार वह द्विजश्रेष्ठ सत्यनारायणजी का व्रत करके ॥ १२ ॥ सर्व पापों से छूटकर

दुःखविनिर्मुक्तः सर्वसंपत्समन्वितः ॥ बभूव स द्विजश्रेष्ठो व्रतस्यास्य प्रभावतः ॥ ११ ॥ ततः प्रभृतिकालं च मासि मासि व्रतं कृतम् ॥ एवं नारायणस्येदं व्रतं कृत्वा द्विजोत्तमः ॥ १२ ॥ सर्वपापविनिर्मुक्तो दुर्लभं मोक्षमाप्तवान् ॥ व्रतमस्य यदा विप्राः पृथिव्यां संकरिष्यति ॥ १३ ॥ तदैव सर्वदुःखं च मनुजस्य विनश्यति ॥ एवं नारायणेनोक्तं नारदाय महात्मने ॥ १४ ॥ मया तत्कथितं

दुर्लभ मुक्ति को प्राप्त हुआ। हे ऋषियो ! सत्यनारायणजी के व्रत को पृथ्वी पर जब कोई करेगा ॥ १३ ॥ उसी समय उस मनुष्य के सब दुःख नाश हो जायँगे। इस प्रकार श्रीभगवान् ने महात्मा नारदजी से कहा था ॥ १४ ॥ हे ब्राह्मणो ! उसको मैंने आप लोगों से कह

दिया, अब और क्या कहूँ ? ऋषिगण बोले कि उस ब्राह्मण से सुनकर यहाँ पृथ्वी पर किसने उस व्रत को किया ? हे सूतजी ! उस वृत्तान्त को हम सुनना चाहते हैं, क्योंकि उस पर

विप्राः किमन्यत्कथयामि वः ॥ ऋषय ऊचुः ॥ तस्माद्विप्राच्छ्रुतं केन पृथिव्यां चरितं मुने ॥ तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामः श्रद्धाऽस्माकं प्रजायते ॥ १५ ॥ सूत उवाच ॥ शृणुध्वं मुनयः सर्वे व्रतं येन कृतं भुवि ॥ एकदा स द्विजवरो यथाविभवविस्तरैः ॥ १६ ॥ बन्धुभिः स्वजनैः सार्धं व्रतं कर्त्तुं समुद्यतः ॥ एतस्मिन्नन्तरे काले

हमारी श्रद्धा उत्पन्न हुई है ॥ १५ ॥ सूतजी बोले हे मुनियो ! जिसने पृथ्वी पर व्रत किया है उसे सब लोग सुनो । एक समय वह द्विजराज अपने ऐश्वर्य के अनुसार विस्तार से ॥ १६ ॥ बन्धुवर्ग और इष्ट-मित्रों के साथ सत्यदेव का व्रत-पूजन करने को तत्पर हुआ था कि उसी

समय में एक लकड़ी बेचनेवाला (लकड़हारा) आया ॥ १७ ॥ और लकड़ियों को बाहर रखकर उस ब्राह्मण के घर में गया। वह प्यास के मारे व्याकुल था, उसने व्रत करते हुए ब्राह्मण

काष्ठक्रेता समागमत् ॥ १७ ॥ बहिः काष्ठं च संस्थाप्य विप्रस्य गृहमाययौ ॥ तृष्णया पीडितात्मा च दृष्ट्वा विप्रं कृतव्रतम् ॥ १८ ॥ प्रणिपत्य द्विजं प्राह किमिदं क्रियते त्वया ॥ कृते किं फलमाप्नोति विस्तराद्वद मे प्रभो ॥ १९ ॥ विप्र उवाच ॥ सत्यनारायणस्येदं व्रतं सर्वेप्सितप्रदम् ॥ तस्य प्रसादान्मे सर्वं

को देखकर ॥ १८ ॥ प्रणाम किया और उस ब्राह्मण से कहा कि आप यह क्या कर रहे हैं। इसके करने पर क्या फल प्राप्त होता है। ? हे प्रभो ! मुझसे विस्तारपूर्वक कहिए ॥ १९ ॥ ब्राह्मण बोला कि यह सत्यनारायणजी का व्रत सब इच्छित पदार्थों का देनेवाला है, इसी के

प्रताप से मेरे यहाँ बहुत सा धन-धान्य आदि है ॥ २० ॥ उस ब्राह्मण से इस व्रत को जानकर वह लकड़हारा बहुत प्रसन्न हुआ और प्रसाद खाकर तथा जल पीकर नगर को गया ॥ २१ ॥

धनधान्यादिकं महत् ॥ २० ॥ तस्मादेतद्व्रतं ज्ञात्वा काष्ठक्रेताऽतिहर्षितः ॥ पपौ जलं प्रसादं च भुक्त्वा स नगरं ययौ ॥ २१ ॥ सत्यनारायणं देवं मनसा इत्यचिन्तयत् ॥ काष्ठं विक्रयतो ग्रामे प्राप्यते चाद्य यद्धनम् ॥ २२ ॥ तेनैव सत्यदेवस्य करिष्ये व्रतमुत्तमम् ॥ इति सञ्चिन्त्य मनसा काष्ठं कृत्वा तु मस्तके ॥ २३ ॥ जगाम नगरे रम्ये धनिनां यत्र संस्थितिः ॥ तद्दिने काष्ठमूल्यं

और सत्यनारायण देव का मन से इस प्रकार चिन्तन किया कि आज ग्राम में लकड़ियों के बेचने से जो धन मिलेगा ॥ २२ ॥ उसी धन से सत्यनारायणजी का उत्तम व्रत करूँगा। ऐसा मन में विचार करके और लकड़ियों को शिर पर धरकर ॥ २३ ॥ जहाँ बड़े-बड़े धनवान् लोग

रहते थे उस रमणीक नगर में गया। और उस दिन (अन्य दिनों की अपेक्षा) उसको लक-ड़ियों का दूना मूल्य (दाम) मिला ॥ २४ ॥ तब तो वह प्रसन्न मन होकर केला के पके हुए फल, शक्कर (चीनी, खाँड़,) घी, दूध और गेहूँ का आटा (चून) ॥ २५ ॥ इन सबको सवाई

च द्विगुणं प्राप्तवानसौ ॥ २४ ॥ ततः प्रसन्नहृदयः सुपक्वं कदलीफलम् ॥ शर्क-राघृतदुग्धं च गोधूमस्य च चूर्णकम् ॥ २५ ॥ कृत्वैकत्र सपादं च गृहीत्वा स्वगृहं ययौ ॥ ततो बन्धून्समाहूय चकार विधिना व्रतम् ॥ २६ ॥ तद्व्रतस्य प्रभावेण धनपुत्रान्वितोऽभवत् ॥ इह लोके सुखं भुक्त्वा चान्ते सत्यपुरं

मात्रा में इकट्ठा किया और उसे लेकर अपने घर को गया। वहाँ जाकर अपने बन्धुओं को बुलाकर विधिपूर्वक सत्यनारायणजी का व्रत किया ॥ २६ ॥ उस व्रत के प्रभाव से वह धन और पुत्रोंवाला हो गया तथा इस लोक में सुख भोगकर अन्त में सत्यपुर (वैकुण्ठ) को

गया ॥ २७ ॥ इस प्रकार स्कन्दपुराणान्तर्गत रेवाखण्ड में सत्यनारायण व्रत कथा का भाषा-
टीका में दूसरा अध्याय समाप्त हुआ ॥ २ ॥ ❋ ॥ ❋ ॥ ❋ ॥

सूतजी बोले कि हे मुनिश्रेष्ठों ! अब मैं आगे की कथा कहता हूँ, आप लोग सुनें।

ययौ ॥ २७॥ इति श्रीस्कन्द० रेवा० सत्यनारायणकथायां द्वितीयोऽध्यायः ॥२॥

सूत उवाच ॥ पुनरग्रे प्रवक्ष्यामि शृणुध्वं मुनिसत्तमाः ॥ पुरा चोल्का-
मुखो नाम नृपश्चासीन्महामतिः ॥ १ ॥ जितेन्द्रियः सत्यवादी ययौ देवालयं
प्रति ॥ दिने दिने धनं दत्त्वा द्विजान्सन्तोषयत्सुधीः ॥ २ ॥ भार्या तस्य प्रमुग्धा

पहले समय में उल्कामुख नाम बड़ा बुद्धिमान्, सत्य बोलनेवाला, जितेन्द्रिय और विद्वान्
राजा हुआ था। वह नित्यप्रति देवालय (मन्दिर) में जाता और प्रतिदिन द्विजातियों को
धन देकर प्रसन्न करता था ॥ १–२ ॥ उसकी पतिव्रता स्त्री कमल के समान मुखवाली प्रमुग्धा

नाम की थी। वे दोनों भद्रशीला नदी के तट पर सत्यदेव का व्रत-पूजन करते थे॥ ३ ॥ उसी समय में एक साधु नामक साहूकार व्यापार के लिए बहुत सा धन लिये हुए वहाँ आया ॥ ४॥

च सरोजवदना सती ॥ भद्रशीलानदीतीरे सत्यस्य व्रतमाचरत् ॥ ३ ॥ एतस्मिन्नन्तरे तत्र साधुरेकः समागतः। वाणिज्यार्थं बहुधनैरनेकैः परिवारितः ॥४॥ नावं संस्थाप्य तत्तीरे जगाम नृपतिं प्रति ॥ दृष्ट्वा स व्रतिनं भूपं पप्रच्छ विनयान्वितः ॥ ५ ॥ साधुरुवाच ॥ किमिदं कुरुषे राजन् भक्तियुक्तेन चेतसा।

और नदी के किनारे पर नौका को ठहरा कर राजा के पास गया। वह साहूकार व्रतधारी राजा को देखकर नम्रता से पूछने लगा॥ ५ ॥ साहूकार बोला—हे राजन्! इस समय आप भक्तियुक्त चित्त से यह क्या कर रहे हैं? यह सब प्रकट कीजिए, मैं सुनने की इच्छा

करता हूँ ॥ ६ ॥ राजा बोले कि हे साहूकार ! मैं पुत्र आदि की प्राप्ति के लिए अपने कुटुम्बियों के साथ अतुल पराक्रमी सत्यदेव का व्रत और पूजन करता हूँ ॥ ७ ॥ राजा के

प्रकाशं कुरु तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामि साम्प्रतम् ॥ ६ ॥ राजोवाच ॥ पूजनं क्रियते साधो विष्णोरतुलतेजसः ॥ व्रतं च स्वजनैः सार्धं पुत्राद्यावाप्तिकाम्यया ॥ ७॥ भूपस्य वचनं श्रुत्वा साधुः प्रोवाच सादरम् ॥ सर्वं कथय मे राजन् करिष्येऽहं तवोदितम् ॥ ८ ॥ ममापि सन्ततिर्नास्ति ह्येतस्माज्जायते ध्रुवम् ॥

वचन सुनकर वह साहूकार बड़े आदर से कहने लगा कि हे राजन् ! इस व्रत का सब विधान मुझसे कहिए, मैं आपका कहना करूँगा ॥ ८ ॥ मेरे भी सन्तान नहीं है, आशा है, इस व्रत के करने से अवश्य होगी । इसके अनन्तर (राजा से सब विधान जानकर)

वाणिज्य व्यवहार से निबट कर बड़े हर्ष से अपने घर आया ॥ ९ ॥ और सन्तान को देने-वाले व्रत के सब वृत्तान्त को अपनी स्त्री से कह दिया । "जब मेरे सन्तान हो जायगी तब मैं

ततो निवृत्य वाणिज्यात्सानन्दो गृहमागतः ॥ ९ ॥ भार्यायै कथितं सर्वं व्रतं सन्ततिदायकम् ॥ तदा व्रतं करिष्यामि यदा मे सन्ततिर्भवेत् ॥ १० ॥ इति लीलावतीं प्राह पत्नीं साधुः स सत्तमः एकस्मिन्दिवसे तस्य भार्या लीलावती सती ॥ ११ ॥ भर्तृयुक्तानन्दचित्ताऽभवद्धर्मपरायणा ॥ गर्भिणी साऽभवत्तस्य

भी इस व्रत को करूँगा" ॥ १० ॥ इस प्रकार उस श्रेष्ठ साहूकार ने अपनी स्त्री लीलावती से कहा । एक दिन उस साहूकार की साध्वी स्त्री लीलावती ॥ ११ ॥ चित्त में आनन्दित हो पति के साथ सांसारिक धर्म में तत्पर हुई और सत्यनारायणजी की कृपा से वह साहूकार की स्त्री

गर्भवती हो गई ॥ २१ ॥ दशवें महीने में उसके बहुत सुन्दर कन्या पैदा हुई । वह कन्या प्रति दिन इस प्रकार बढ़ने लगी जैसे शुक्लपक्ष में चन्द्रमा बढ़ा करता है ॥ १३ ॥ और इसी

भार्या सत्यप्रसादतः ॥ १२ ॥ दशमे मासि वै तस्याः कन्यारत्नमजायत ॥ दिने दिने सा ववृधे शुक्लपक्षे यथा शशी ॥१३॥ नाम्ना कलावती चेतितन्नामकरणं कृतम् ॥ ततो लीलावती प्राह स्वामिनं मधुरं वचः ॥ १४ ॥ न करोषि किमर्थं वै पुरा सङ्कल्पितं व्रतम् ॥ साधुरुवाच ॥ विवाहसमये त्वस्याः करिष्यामि

कारण से कलावती नाम से उसका नामकरण हुआ तब लीलावती अपने स्वामी को मीठे वचन से कहने लगी ॥ १४ ॥ कि पहले संकल्प किये हुए व्रत को आप किसलिए नहीं करते हैं ? साहूकार बोले कि हे प्रियतमे ! इस कन्या के विवाह के समय में व्रत

करूँगा ॥ १५ ॥ इस प्रकार स्त्री को आशा भरोसा देकर वह नगर को चला गया तब वह कलावती कन्या पिता के घर में बढ़ने लगी ॥ १६ ॥ इसके पश्चात् धर्म के ज्ञाता साहूकार ने कन्या को विवाह के योग्य देखकर अपने नगर के इष्ट-मित्रों से सलाह करके शीघ्र ही नौकर को

वतं प्रिये ॥१५ ॥ इति भार्यां समाश्वास्य जगाम नगरं प्रति ॥ ततः कलावती कन्या ववृधे पितृवेश्मनि ॥१६॥ दृष्ट्वा कन्यां ततः साधुर्नगरे सखिभिः सह ॥ मन्त्रयित्वा द्रुतं दूतं प्रेषयामास धर्मवित् ॥ १७ ॥ विवाहार्थे च कन्याया वरं श्रेष्ठं विचारय ॥ तेनाज्ञप्तश्च दूतोऽसौ काञ्चनं नगरं ययौ ॥ १८ ॥ तस्मादेकं

भेजा ॥ १७ ॥ कि कन्या के विवाह के लिये उत्तम वर ढूँढ़ना । साहूकार की आज्ञा पाकर वह दूत (नौकर) काञ्चनपुर में गया ॥ १८ ॥ और वह वहाँ से एक बनिया के पुत्र

को साथ लेकर लौट आया । तब उस बनिया के पुत्र बालक को सुन्दर तथा गुणवान् देखकर ॥ १९ ॥ उस साहूकार ने अपने जातिवाले बन्धुओं के सहित प्रसन्नचित्त होकर विवाह विधि से उस वणिक्पुत्र को कन्या का दान दे दिया ॥ २० ॥ परन्तु दुर्भाग्यवश उस कन्या के विवाह के

वणिक्पुत्रं समादायागतो हि स ॥ दृष्ट्वा तु सुन्दरं बालं वणिक्पुत्रं गुणान्वितम् ॥ १९ ॥ ज्ञातिभिर्बंधुभिः सार्धं परितुष्टेन चेतसा ॥ दत्तवान्साधुः पुत्राय कन्यां विधिविधानतः ॥ २० ॥ ततो भाग्यवशात्तेन विस्मृतं व्रतमुत्तमम् ॥ विवाहसमये तस्यास्तेन रुष्टोऽभवत्प्रभुः ॥ २१ ॥ ततः कालेन नियतो निजकर्मविशारदः ॥ वाणिज्यार्थं ततः शीघ्रं जामातृसहितो

समय वह साहूकार सत्यदेव के उत्तम व्रत को भूल गया, इस कारण से सत्यनारायण भगवान् रुष्ट हो गये ॥ २१ ॥ तदन्तर कुछ समय के पीछे अपने कार्य में कुशल साहूकार जामाता

(जमाई, दामाद) को साथ लेकर वाणिज्य के लिये ॥ २२ ॥ समुद्र के किनारे से रत्नसारपुर में जाकर श्रीमान् दामाद (जमाई) के सहित साहूकार व्यापार करने लगा ॥ २३ ॥ एक दिन

वणिक् ॥ २२ ॥ रत्नसारपुरे रम्ये गत्वा सिन्धुसमीपतः ॥ वाणिज्यमकरोत्साधु-र्जामात्रा श्रीमता सह ॥ २३ ॥तौ गतौ नगरे रम्ये चन्द्रकेतोर्नृपस्य च ॥ एत-स्मिन्नेव काले तु सत्यनारायणः प्रभुः ॥ २४ ॥ भ्रष्टप्रतिज्ञमालोक्य शापं तस्मै प्रदत्तवान् ॥ दारुणं कठिनं चास्य महद्दुःखं भविष्यति ॥ २५ ॥ एकस्मिन्दिवसे

वे दोनों चन्द्रकेतु राजा के नगर में गये। उसी समय सत्यनारायण भगवान् ने ॥ २४ ॥ उसको भ्रष्टप्रतिज्ञ (झूठा) देखकर शाप दिया कि तुझे बड़ा कठिन दुःख होगा ॥ २५ ॥ एक दिन राजा का धन लेकर (चुराकर) चोर वहाँ ही आया जहाँ वे दोनों महाजन

विराजमान थे ॥ २६ ॥ तदनन्तर पीछे से दौड़ते आते हुए दूतों (राजा के सिपाहियों) को देख कर वह चोर डरके मारे वहीं धन रखकर शीघ्र ही छिप गया (भाग गया) ॥ २७ ॥

राज्ञो धनमादाय तस्करः ॥ तत्रैव चागतश्चौरो वणिजौ यत्र संस्थितौ ॥ २६ ॥ तत्पश्चाद्धावकान् दूतान्दृष्ट्वा भीतेन चेतसा ॥ धनं संस्थाप्य तत्रेव स तुशीघ्रमलक्षितः ॥ २७ ॥ ततो दूताः समायाता यत्रास्ते सज्जनो वणिक् ॥ दृष्ट्वा नृपधनं तत्र बद्ध्वा नीतौ वणिक्सुतौ ॥ २८ ॥ हर्षेण धावमानाश्च ऊचुर्नृपसमीपतः ॥ तस्करौ द्वौ समानीतौ विलोक्याज्ञापय प्रभो ॥ २९ ॥ राज्ञाज्ञप्तास्ततः शीघ्रं

पीछे से जब वे दूत उन साहूकारों के पास आये तो वहाँ राजा का धन धरा हुआ देखकर उन दोनों बनियों को बाँध लाये ॥ २८ ॥ और प्रसन्नता से दौड़ते हुए दूत राजा के समीप जाकर कहने लगे कि हे प्रभो ! दो चोर पकड़ कर लाये हैं, इन्हें देखकर आज्ञा दीजिए ॥ २९ ॥ राजा

की आज्ञा पाकर उन दूतों ने शीघ्रता से उन दोनों महाजनों को मजबूती से बाँध कर बड़े किले के कैदखाने में कैद कर दिया और कुछ भी विचार न किया ॥ ३० ॥ सत्यनारायण की

दृढं बद्ध्वा तु तावुभौ ॥ स्थापितौ द्वौ महादुर्गे कारागारेऽविचारतः ॥ ३० ॥ मायया सत्यदेवस्य न श्रुत कैस्तयोर्वचः ॥ अतस्तयोर्धनं राज्ञा गृहीतं चन्द्रकेतुना ॥३१॥ तच्छापाच्च तयोर्गेहे भार्या चैवातिदुःखिता ॥ चौरेणापहृतं सर्वं गृहे यच्च स्थितं धनम् ॥३२॥ आधिव्याधिसमायुक्ता क्षुत्पिपासातिदुःखिता ॥

माया से किसी ने भी उन दोनों के वचन नहीं सुने और इसी कारण से उन दोनों का धन चन्द्रकेतु राजा ने ले लिया ॥ ३१ ॥ और उन्हीं भगवान् के शाप से उन दोनों की स्त्रियाँ भी घर में बहुत दुःखित हो गईं । घर में जो कुछ धन था उसको चोरचुरा ले गये ॥ ३२ ॥ तथा मानसिक और शारीरिक कष्ट से एवं भूख और प्यास से वे अत्यन्त दुःखित हुईं और

अन्न की चिंता से घर-घर में घूमने लगीं और कलावती कन्या भी प्रतिदिन घूमती फिरती थी ॥ ३३ ॥ एक दिन भूख से व्याकुल होकर ब्राह्मण के मंदिर में गई और वहाँ

अन्नचिन्तापरा भूत्वा बभ्राम च गृहे गृहे ॥ कलावती तु कन्यापि बभ्राम प्रति-
वासरम् ॥ ३३ ॥ एकस्मिन्दिवसे जाता क्षुधार्ता द्विजमन्दिरम् ॥ गत्वापश्यद्
व्रतं तत्र सत्यनारायणस्य च ॥ ३४ ॥ उपविश्य कथां श्रुत्वा वरं प्रार्थित-
वत्यपि ॥ प्रसादभक्षणं कृत्वा ययौ रात्रौ गृहं प्रति ॥ ३५ ॥ माता कला-
वतीं कन्यां कथयामास प्रेमतः ॥ पुत्रि रात्रौ स्थिता कुत्र किं ते मनसि

उसने सत्यनारायणजी के व्रत-पूजन को देखा ॥ ३४ ॥ और वहाँ बैठ कर कथा सुनी तथा भगवान् से वर माँगती हुई प्रसाद खाकर रात्रि के समय अपने घर आई ॥ ३५ ॥ तब उसकी माता कलावती कन्या से प्रेम के साथ कहने लगी कि हे पुत्रि ! तू रात्रि में कहाँ ठहर

गई थी, तेरे मन में क्या है ? ॥ ३६ ॥ तब कलावती कन्या माता से शीघ्र ही कहने लगी कि हे मातः ! मैंने ब्राह्मण के घर में मनोवाञ्छित फल देनेवाला व्रत देखा है ॥ ३७ ॥ कन्या के उस वचन को सुन कर वह वैश्य की स्त्री लीलावती प्रसन्नता से सत्यनारायणजी का व्रत

वर्तते ॥३६॥ कन्या कलावती प्राह मातरं प्रति सत्वरम् ॥ द्विजालये व्रतं मातर्दृष्टं वाञ्छितसिद्धिदम् ॥ ३७ ॥ तच्छ्रुत्वा कन्यकावाक्यं व्रतं कर्तुं समुद्यता ॥ सा मुदा तु वणिक्भार्या सत्यनारायणस्य च ॥ ३८ ॥ व्रतं चक्रे सैव साध्वी बन्धुभिः स्वजनैः सह ॥ भर्तृजामातरौ क्षिप्रमागच्छेतां स्वमाश्रमम् ॥३९॥ अपराधं च मे

करने को तत्परहो गई ॥ ३८ ॥ फिर उस पतिव्रता ने अपने बन्धु-बान्धवों के साथ सत्यदेव का व्रत किया और वर माँगा कि मेरे पति और जमाई (दामाद) शीघ्र ही अपने घर को चले आवें ॥ ३९ ॥ और आप मेरे पति तथा जमाई का अपराध क्षमा करने के योग्य हो।

इस व्रत के करने से वे सत्यनारायण भगवान् फिर प्रसन्न हो गये ॥ ४० ॥ और राजाओं में
श्रेष्ठ राजा चन्द्रकेतु को स्वप्न दिखाया कि हे नृपश्रेष्ठ ! प्रातःकाल होते ही दोनों कैदी बनियों

भर्तुर्जामातुः क्षन्तुमर्हसि ॥ व्रतेनानेन तुष्टोऽसौ सत्यनारायणः पुनः ॥४०॥ दर्श-
यामास स्वप्नं हि चन्द्रकेतुं नृपोत्तमम ॥ वन्दिनौ मोचय प्रातर्वणिजौ नृपस-
त्तम ॥४१॥ देयं धनं च तत्सर्वं गृहीतं यत्त्वयाऽधुना ॥ नो चेत्त्वां नाशयिष्यामि
सराज्यं धनपुत्रकम् ॥४२॥ एवमाभाष्य राजानं ध्यानगम्योऽभवत्प्रभुः ॥ ततः

को छोड़ दो ॥ ४१ ॥ और जो तुमने उनका धन लिया था वह सब अभी ही दे देना, नहीं तो
(यदि मेरा कहना नहीं करोगे तो) राज्य, पुत्र और धन सहित तुम्हारा नाश कर
दूँगा ॥ ४२ ॥ इस प्रकार राजा से कहकर भगवान् अन्तर्धान हो गये । इसके पश्चात् प्रातःकाल

होते ही राजा चन्द्रकेतु ने अपने इष्ट-मित्रों सहित ॥ ४३ ॥ सभा में बैठकर सभासदों से रात्रि का स्वप्न कहा और आज्ञा दी कि उन दोनों साहूकार बनियों को शीघ्र ही छोड़ दो ॥ ४४ ॥

प्रभातसमये राजा च स्वजनैः सह ॥ ४३ ॥ उपविश्य सभामध्ये प्राह स्वप्नं जनं प्रति ॥ बद्धौ महाजनौ शीघ्रं मोचय द्वौ वणिक्सुतौ ॥ ४४ ॥ इति राज्ञो वचः श्रुत्वा मोचयित्वा महाजनौ ॥ समानीय नृपस्याग्रे प्राहुस्ते विनयान्विताः ॥ ४५ ॥ आनीतौ द्वौ वणिक्पुत्रौ मुक्तौ निगडबन्धनात् ॥ ततो महाजनौ नत्वा चन्द्रकेतुं नृपोत्तमम् ॥ ४६ ॥ स्मरन्तौ पूर्ववृत्तान्तं नोचतुर्भयविह्वलौ ॥ राजा वणिक्सुतौ

राजा के ऐसे वचन सुनकर वे दोनों महाजनों का बन्धन काटकर उन्हें राजा के सामने लाये और नम्रता से कहने लगे कि ॥ ४५ ॥ दोनों साहूकारों को कैदखाने से छुड़ाकर ले आये। तब उन महाजनों ने नृपश्रेष्ठ चन्द्रकेतु को प्रणाम किया ॥ ४६ ॥ और पहले का वृत्तान्त स्मरण करके

डर के मारे व्याकुल हो गये और कुछ भी न कह सके। राजा ने बनियों के पुत्रों को देखकर आदर से कहा कि ॥ ४७ ॥ भाग्य से तुमको यह महादुःख मिला था, अब कुछ भय नहीं है

वीक्ष्य वचः प्रोवाच सादरम् ॥ ४७ ॥ दैवात्प्राप्तं महद्दुःखमिदानीं नास्ति वै भयम् ॥ तदा निगडसंत्यागं क्षौरकर्माद्यकारयत् ॥ ४८ ॥ वस्त्रालङ्कारकं दत्त्वा परितोष्य नृपश्च तौ ॥ पुरस्कृत्य वणिक्पुत्रौ वचसाऽतोषयद्भृशम् ॥ ४९ ॥ पुरानीतं तु यद्द्रव्यं द्विगुणीकृत्य दत्तवान् ॥ प्रोवाच तौ ततो राजा गच्छ

ऐसा कहकर बेड़ियाँ कटवाईं और हजामत, उबटन, स्नान आदि करवाया ॥ ४८ ॥ और वस्त्र तथा आभूषण देकर राजा ने उन दोनों साहूकारों को सन्तुष्ट किया तथा सामने बुलाकर मीठे-मीठे वचनों से उन्हें प्रसन्न किया ॥ ४९ ॥ और पहले जितना धन लिया था उससे दूना

धन उनको दिया। फिर राजा ने उन महाजनों से कहा कि हे साहूकारो ! अपने घर को जाओ ॥ ५० ॥ राजा को प्रणाम करके वैश्य कहने लगा कि आपकी प्रसन्नता से जावेंगे,

साधो निजाश्रमम् ॥ ५० ॥ राजानं प्रणिपत्याह गन्तव्यं त्वत्प्रसादतः॥ इत्युक्त्वा तौ महावैश्यौ जग्मतुः स्वगृहं प्रति ॥ ५१ ॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे रेवाखण्डे सत्यनारायणव्रतकथायां तृतीयोऽध्यायः ॥३॥ ❋ ❋ ॥

सूत उवाच ॥ यात्रां तु कृतवान् साधुर्मङ्गलायनपूर्विकाम् ॥ ब्राह्मणेभ्यो

ऐसा कहकर वे दोनों साहूकार अपने घर को चल दिये ॥ ५१ ॥ इस प्रकार स्कन्दपुराणान्तर्गत रेवाखण्ड में सत्यनारायण व्रत कथा का भाषाटीका में तीसरा अध्याय समाप्त हुआ ॥ ३ ॥ * ॥

सूतजी बोले कि साहूकार ने माङ्गलिककृत्यपूर्वक यात्रा की और उस समय ब्राह्मणों

को धन देकर अपने नगर को गमन किया ॥ १ ॥ साहूकार के कुछ दूर जाने पर सत्यनारायण भगवान् ने जानने की इच्छा की और पूछा कि तेरी नाव में क्या भरा है ॥ २ ॥ तब वे

धनं दत्त्वा तदा तु नगरं ययौ ॥ १ ॥ कियद्दूरे गते साधौ सत्यनारायणः प्रभुः॥ जिज्ञासां कृतवान् साधो किमस्ति तव नौस्थितम् ॥२॥ ततो महाजनौ मत्तौ हेलया च प्रहस्य वै॥ कथं पृच्छसि भो दण्डिन् मुद्रां नेतुं किमिच्छसि ॥३॥ लतापत्रादिकं चैव वर्तते तरणौ मम ॥ निष्ठुरं च वचः श्रुत्वा सत्यं भवतु ते वचः ॥४॥ एवमुक्त्वा गतः शीघ्रं दण्डी तस्य समीपतः ॥ कियद्दूरेततो गत्वा

मदान्ध दोनों साहूकार अनादरपूर्वक हँसकर कहने लगे कि हे दण्डी ! क्या पूछता है ? क्या तू रुपया लेना चाहता है ? ॥ ३ ॥ मेरी नौका में तो लता-पत्र आदिक हैं। यह कठोर वचन सुनकर दण्डी स्वामी ने कहा कि तेरा वचन सत्य होवे ॥ ४ ॥ ऐसा कहकर दण्डी स्वामी

तुरन्त उसके पास से चले गये । और कुछ दूर जाकर समुद्र के समीप ठहर गये ॥ ५ ॥ दण्डी स्वामी के चले जाने पर साहूकार सन्ध्यावन्दन आदि नित्य नियम करके नाव को ऊँची उठी हुई देख अत्यन्त आश्चर्यान्वित हुआ ॥ ६ ॥ और उसमें लता-पत्र देखकर तो बेहोश हो धरती

**स्थितः सिन्धुसमीपतः ॥ ५ ॥ गते दण्डिनि साधुश्च कृतनित्यक्रिय स्तदा ॥ उत्थितांतरणीं दृष्ट्वा विस्मयं परमं ययौ ॥ ६ ॥ दृष्ट्वालतादिकंचैवमूर्च्छितोन्यपत-द्भुवि ॥ लब्धसंज्ञो वणिक्पुत्रस्ततश्चिन्तान्वितोऽभवत् ॥ ७ ॥ तदातु दुहितुःकान्तो वचनं चेदमब्रवीत् ॥ किमर्थं क्रियते शोकः शापो दत्तश्च दण्डिना ॥ ८ ॥ शक्यते**

पर गिर पड़ा । फिर जब उसको चेत हुआ तो चिन्ता करने लगा ॥ ७ ॥ तब तो उसका जमाई (दामाद) यह वचन कहने लगा कि आप किस लिए शोक करते हैं ? दण्डी स्वामी ने शाप दिया है ॥ ८ ॥ वे ही सब कुछ करने को समर्थ हैं, इसमें कोई संशय नहीं है । इसलिए

उन्हीं की शरण में चलें, वहाँ वाञ्छित प्रयोजन सिद्ध होवेगा ॥ ९ ॥ तब दामाद के वचन सुनकर उन दण्डी स्वामी के पास गया और उनको देखकर भक्ति और आदर के साथ कहने

ऽनेन सर्वं हि कर्तुं चात्र न संशयः ॥ अतस्तच्छरणं यामो वाञ्छितार्थो भविष्यति॥९॥ जामातुर्वचनं श्रुत्वा तत्सकाशं गतस्तदा॥ दृष्ट्वा च दण्डिनं भक्त्या नत्वा प्रोवाच सादरम् ॥१०॥ क्षमस्व चापराधं मे यदुक्तं तव सन्निधौ ॥ एवं पुनः पुनर्नत्वा महाशोकाकुलोऽभवत् ॥११॥ प्रोवाच वचनं दण्डी विलपन्तं

लगा कि ॥ १० ॥ आपके समीप जो कुछ कहा था, उस अपराध को क्षमा कीजिए । इस प्रकार बार-बार नमस्कार करके शोक से बहुत व्याकुल हो गया ॥ ११ ॥ तब दण्डी स्वामी उसे विलाप करता हुआ देखकर बोले कि तू रो मत, मेरा कहना सुन, तू मेरी पूजा से विमुख

है ॥ १२ ॥ इसी से हे दुष्टबुद्धे ! तैंने मेरी आज्ञा से बार-बार दुःख पाया है। भगवान् दण्डी के ये वचन सुनकर साहूकार स्तुति करने लगा ॥ १३ ॥ साहूकार बोला कि हे स्वामिन् !

विलोक्य च ॥ मा रोदीः शृणु मद्वाक्यं मम पूजाबहिर्मुखः ॥ १२ ॥ ममाज्ञया च दुर्बुद्धे लब्धं दुःखं मुहुर्मुहुः ॥ तच्छ्रुत्वा भगवद्वाक्यं स्तुतिं कर्तुं समुद्यतः॥ १३॥ साधुरुवाच ॥ त्वन्मायामोहिताः सर्वे ब्रह्माद्यास्त्रिदिवौकसः ॥ न जानन्ति गुणान् रूपं तवाश्चर्यमिदं प्रभो ॥ १४ ॥ मूढोऽहं त्वां कथं जाने मोहितस्तव

आपकी माया से मोहित हुए ब्रह्मा आदिक सब देवता आपके गुण और रूपों को नहीं जानते हैं, यह बड़ा आश्चर्य है कि ॥ १४ ॥ आपकी माया से मोहित हुआ मैं मूढ़ आपको कैसे जान सकूँ। आप प्रसन्न होवें, मैं अपने वित्तानुसार विस्तार से आपका पूजन

करूँगा ॥ १५ ॥ पहले जो मेरा धन था वह सब वैसा ही कर दीजिए और मुझ शरणागत की रक्षा
कीजिए । भक्ति से भरे हुए वचन सुनकर भगवान् प्रसन्न हो गये ॥ १६ ॥ और चाहा हुआ वरदान

मायया ॥ प्रसीद पूजयिष्यामि यथाविभवविस्तरैः ॥ १५ ॥ पुरा वित्तं च तत्सर्वं
त्राहि मां शरणागतम् ॥ श्रुत्वा भक्तियुतं वाक्यं परितुष्टो जनार्दनः ॥ १६ ॥
वरं च वाञ्छितं दत्त्वा तत्रैवान्तर्दधे हरिः ॥ ततो नावं समारुह्य दृष्ट्वा वित्तप्रपूरि-
ताम् ॥ १७ ॥ कृपया सत्यदेवस्य सफलं वाञ्छितं मम ॥ इत्युक्त्वा स्वजनैः
साद्धं पूजां कृत्वा यथाविधि ॥ १८ ॥ हर्षेण चाभवत्पूर्णः सत्यदेवप्रसादतः ॥

देकर भगवान् वहीं अन्तर्द्धान हो गये । फिर नाव पर चढ़ और उसे धन से परिपूर्ण देख ॥ १७ ॥
साहूकार कहने लगा कि सत्यदेव की कृपा से मेरा मनोरथ सफल हो गया। ऐसा कहकर अपने साथ
वालों के संग में विधिपूर्वक सत्यदेव का पूजन किया ॥ १८ ॥ और भगवान् की कृपा से

४७

अत्यन्त प्रसन्न हो यत्नपूर्वक नाव को जोड़कर अपने देश को चला ॥ १९ ॥ साहूकार ने दामाद से कहा कि मेरी रत्नपुरी को देखो । फिर अपने धन की रक्षा करनेवाले दूत (नौकर)

नावं संयोज्य यत्नेन स्वदेशगमनं कृतम् ॥ १९ ॥ साधुर्जामातरं प्राह पश्य रत्नपुरीं मम ॥ दूतं च प्रेषयामास निजवित्तस्य रक्षकम् ॥ २० ॥ दूतोऽसौ नगरं गत्वा साधुभार्यां विलोक्य च ॥ प्रोवाच वाञ्छितं वाक्यं नत्वा बद्धाञ्जलि-स्तदा ॥२१॥ निकटे नगरस्यैव जामात्रा सहितो वणिक् ॥ आगतो बन्धुवर्गैश्च वित्तैश्च बहुभिर्युतः ॥ २२ ॥ श्रुत्वा दूतमुखाद्वाक्यं महाहर्षवती सती ॥ सत्यपूजां

को अपने घर भेजा ॥ २० ॥ वह दूत नगर में गया और साहूकार की स्त्री लीलावती को देखकर, हाथ जोड़कर अभीष्ट वचन कहने लगा कि ॥ २१ ॥ नगर के निकट ही दामाद और इष्टमित्रों के साथ बहुत सा धन लेकर साहूकार आये हैं ॥ २२ ॥ दूत के मुख से वचन

सुनकर वह साध्वी बहुत प्रसन्न हुई और सत्यदेव की पूजा करके अपनी लड़की से कहने लगी कि ॥ २३ ॥ मैं साहूकार के दर्शन करने के लिए जाती हूँ और तू शीघ्र आ जाना। ऐसा माता का वचन सुनकर और व्रत को समाप्त करके ॥ २४ ॥ तथा भगवान् के प्रसाद

ततः कृत्वा प्रोवाच तनुजां प्रति ॥२३॥ व्रजामि शीघ्रमागच्छ साधुसंदर्शनाय च ॥ इति मातृवचः श्रुत्वा व्रतं कृत्वा समाप्य च ॥२४॥ प्रसादं च परित्यज्य गता सापि पतिं प्रति ॥ तेन रुष्टः सत्यदेवो भर्तारं तरणीं तथा॥ २५ ॥ संहृत्य च धनैः सार्धं जले तस्यावमज्जयत् ॥ ततः कलावती कन्या न विलोक्य निजं

को छोड़कर वह भी पति को देखने चली गई। इस कृत्य से सत्यदेव रूठ गये और पति तथा नाव को ॥ २५ ॥ धन के सहित हर कर जल में डुबो दिया। इसके अनन्तर जब कलावती कन्या

ने अपने पति को नहीं देखा तो ॥ २६ ॥ महाशोक से रोती हुई धरती पर गिर पड़ी। इस प्रकार डूबी हुई नाव और बहुत दुःखित कन्या को देखकर ॥ २७ ॥ मन में डरा हुआ साहूकार कहने लगा कि यह क्या आश्चर्य हुआ। और नाव खेनेवाले वे सब मल्लाह भी

पतिम् ॥ २६ ॥ शोकेन महता तत्र रुदती चापतद्भुवि ॥ दृष्ट्वा तथाविधां नावं कन्यां च बहुदुःखिताम् ॥ २७ ॥ भीतेन मनसा साधुः किमाश्चर्यमिदं भवेत् ॥ चिन्त्यमानाश्च ते सर्वे बभूवुस्तरिवाहकाः ॥ २८ ॥ ततो लीलावती कन्यां दृष्ट्वा सा विह्वलाऽभवत् ॥ विललापातिदुःखेन भर्तारं चेदमब्रवीत् ॥ २९ ॥

चिन्ता करने लगे ॥ २८ ॥ इसके पीछे लीलावती अपनी लड़की को देखकर व्याकुल हो गई और अत्यन्त दुःख से रुदन करती हुई अपने पति से इस प्रकार कहने लगी कि ॥ २९ ॥

इस समय नाव के साथ वे (दामाद) कैसे अलक्षित हो गये (छिप गये या डूब गये)। जाना नहीं जाता है किस देवता की अवज्ञा से वह नाव हरी गई ॥ ३० ॥ अथवा सत्यनारायणदेव के माहात्म्य को कौन जान सकता है। ऐसा कहकर स्वजनों के साथ विलाप

इदानीं नौकया सार्द्धं कथं सोऽभूदलक्षितः ॥ न जाने कस्य देवस्य हेलया चैव सा हृता ॥ ३० ॥सत्यदेवस्य माहात्म्यं ज्ञातुं वा केन शक्यते ॥ इत्युक्त्वा विललापैव ततश्च स्वजनैः सह ॥ ३१ ॥ ततो लीलावती कन्यां क्रोडे कृत्वा रुरोद ह ॥ ततः कलावती कन्या नष्टे स्वामिनि दुःखिता ॥ ३२ ॥ गृहीत्वा पादुकां तस्या-

करने लगी ॥ ३१ ॥ फिर लीलावती अपनी कन्या को गोद में लेकर रोने लगी। तब तो वह कलावती कन्या पति के नाश हो जाने से दुःखित हो ॥ ३२ ॥ पति की खड़ाऊँ लेकर

पति के पीछे जाने (सती होने या नदी में डूबने) के लिए मन में विचार करने लगी। कन्या के इस आचरण को देखकर वह धर्मात्मा सज्जन बनिया स्त्रीसहित अत्यन्त शोक से दुःखित हो विचार करने लगा कि या तो सत्यदेव ने नाव को हर लिया है अथवा सत्यदेव की

नुगन्तुं च मनो दधे ॥ कन्यायाश्चरितं दृष्ट्वा सभार्यः सज्जनो वणिक् ॥ ३३॥
अतिशोकेन संतप्तश्चिन्तयामास धर्मवित् ॥ हृतं वा सत्यदेवेन भ्रान्तोऽहं
सत्यमायया ॥ ३४ ॥ सत्यपूजां करिष्यामि यथाविभवविस्तरैः ॥ इति सर्वा-
न्समाहूय कथयित्वा मनोरथम् ॥ ३५ ॥ नत्वा च दण्डवद्भूमौ सत्यदेवं पुनः

माया से मैं ही भ्रम में पड़ गया हूँ ॥ ३३-३४ ॥ "मैं वित्तानुसार विस्तारपूर्वक सत्यदेव का पूजन करूँगा।" इस प्रकार सबको बुलाकर साहूकार ने अपना मनोरथ कहा ॥ ३५ ॥ और

धरती पर दण्ड के समान गिरकर सत्यदेव को बार-बार प्रणाम करने लगा। तब तो दीनों के पालक सत्यदेव प्रसन्न हो गये ॥ ३६ ॥ कृपागुण से भक्तों के वशीभूत होनेवाले भगवान् उस साहूकार से यह कहने लगे कि तुम्हारी कन्या प्रसाद को त्यागकर पति को देखने के लिए

पुनः ॥ ततस्तुष्टः सत्यदेवो दीनानां परिपालकः ॥ ३६ ॥ जगाद वचनं चैवं कृपया भक्तवत्सलः ॥ त्यक्त्वा प्रसादं ते कन्या पतिं द्रष्टुं समागता ॥ ३७॥ अतोऽदृष्टोऽभवत्तस्याः कन्यकायाः पतिर्ध्रुवम् ॥ गृहं गत्वा प्रसादं च भुक्त्वा सा याति चेत्पुनः ॥ ३८ ॥ लब्धभर्त्री सुता साधो भविष्यति न संशयः ॥

आई है ॥ ३७ ॥ इसलिए इस कन्या का पति निश्चय अन्तर्द्धान हो गया है। यदि यह घर को जाय और प्रसाद खाकर फिर लौटकर आवे तो ॥ ३८ ॥ हे साहूकार ! तुम्हारी पुत्री पति को

पावेगी, इसमें संशय नहीं है। वह कलावती आकाशमण्डल से इस प्रकार का वचन सुनकर ॥ ३९ ॥ शीघ्रतापूर्वक घर को गई और भगवान् सत्यदेव का प्रसाद खाकर फिर लौट-कर आई तो उसको उसका पति दिखाई दिया ॥ ४० ॥ तब तो वह कलावती कन्या अपने

कन्यका तादृशं वाक्यं श्रुत्वा गगनमण्डलात् ॥ ३९ ॥ क्षिप्रं तदा गृहं गत्वा प्रसाद च बुभोज सा ॥ सा पश्चात्पुनरागत्य ददर्श स्वजनं पतिम् ॥ ४० ॥ ततः कलावती कन्या जगाद पितरं प्रति ॥ इदानीं च गृहं याहि विलम्बं कुरुषे कथम् ॥ ४१ ॥ तच्छ्रुत्वा कन्यकावाक्यं संतुष्टोऽभूद्वणिक्सुतः पूजनं सत्य-देवस्य कृत्वा विधिविधानतः ॥ ४२ ॥ धनैर्बन्धुगणैः सार्धं जगाम निजमन्दि-

पिता से बोली कि अब घर को चलिए, आप विलम्ब किस लिए कर रहे हैं ॥ ४१ ॥ कन्या के यह वचन सुनकर साहूकार बहुत प्रसन्न हुआ और सत्यदेव का विधिपूर्वक पूजन करके ॥ ४२ ॥

धन और बन्धुवर्गों के साथ अपने घर को गया । उसने पौर्णमासी और संक्रान्ति में हमेशा ५५
सत्यदेव का पूजन किया ॥ ४३ ॥ और इस लोक में सुख को भोगकर अन्त में सत्यलोक
(वैकुण्ठ) को गया ॥ ४४ ॥ इस प्रकार स्कन्दपुराणान्तर्गत रेवाखण्ड में सत्यनारायण कथा

रम् ॥ पौर्णमास्यां च संक्रान्तौ कृतवान्सत्यपूजनम् ॥ ४३ ॥ इह लोके सुखं
भुक्त्वा चान्ते सत्यपुरं ययौ ॥ ४४ ॥ इति श्रीस्कन्दपुराणे रेवाखण्डे सत्य-
नारायणव्रतकथायां चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥

॥ * ॥ * ॥

सूत उवाच ॥ अथान्यच्च प्रवक्ष्यामि शृणुध्वं मुनिसत्तमाः ॥ आसीत्तुङ्ग-

॥ * ॥ * ॥

का भाषाटीका में चौथा अध्याय समाप्त हुआ ॥ ४ ॥
सूतजी बोले कि हे मुनिश्रेष्ठो ! अब अन्य चरित्र कहता हूँ, आप लोग सुनें । प्रजा के ५५

पालन-पोषण करने में संलग्न एक तुंगध्वज नाम राजा हुआ था ॥ १ ॥ उसने सत्यदेव का प्रसाद छोड़कर बहुत दुःख पाया था । एक समय वह वन में गया और बहुत प्रकार के मृगादि पशुओं को मारकर ॥ २ ॥ बरगद (बड़) के नीचे आया । उसने वहाँ यह देखा कि ग्वाला

ध्वजो राजा प्रजापालनतत्परः ॥ १ ॥ प्रसादं सत्यदेवस्य त्यक्त्वा दुःखमवाप सः ॥ एकदा स वनं गत्वा हत्वा बहुविधान्पशून् ॥ २ ॥ आगत्य वटमूलं च दृष्ट्वा सत्यस्य पूजनम् ॥ गोपाः कुर्वन्ति संतुष्टा भक्तियुक्ताः सबान्धवाः ॥ ३ ॥ राजा दृष्ट्वा तु दर्पेण न गतो न ननाम सः ॥ ततो गोपगणाः सर्वे प्रसादं नृप-

लोग (अहीर लोग) बन्धुबान्धवों के साथ बड़ी भक्ति से सत्यदेव का पूजन कर रहे हैं ॥ ३ ॥ किन्तु वह राजा पूजन को देखकर भी अभिमान से न तो वहाँ गया और न उसने प्रणाम ही किया । अनन्तर जब पूजन पूर्ण हो गया तो सब ग्वाला लोग प्रसाद को राजा के

५७ पास ॥ ४ ॥ रख और फिर वहीं आकर उन सबों ने इच्छानुसार प्रसाद खाया। इसके पश्चात् उस राजा ने प्रसाद त्याग कर बड़ा दुःख पाया ॥ ५ ॥ उसके सौ पुत्र और धन-धान्य आदि जो कुछ था वह सब नष्ट हो गया। राजा ने निश्चय किया कि सत्यदेव ने मेरा यह सब नाश कर

सन्निधौ ॥ ४ ॥ संस्थाप्य पुनरागत्य भुक्त्वा सर्वे यथेप्सितम् ॥ ततः प्रसादं संत्यज्य राजा दुःखमवाप सः ॥ ५ ॥ तस्य पुत्रशतं नष्टं धनधान्यादिकं च यत् ॥ सत्यदेवेन तत्सर्वं नाशितं मम निश्चितम् ॥ ६ ॥ अतस्तत्रैव गच्छामि यत्र देवस्य पूजनम् ॥ मनसा तु विनिश्चित्य ययौ गोपालसन्निधौ॥ ७॥ ततोऽसौ सत्यदेवस्य पूजां गोपगणैः सह ॥ भक्तिश्रद्धान्वितो भूत्वा चकार विधिना

दिया ॥ ६ ॥ इसलिए वहाँ ही चलना चाहिए कि जहाँ सत्यदेव का पूजन था। ऐसा मन में विचारकर राजा ग्वालों के पास गया ॥ ७ ॥ वहाँ ग्वाला लोगों के साथ राजा ने बड़ी

श्रद्धा और भक्ति से विधिपूर्वक सत्यदेव का पूजन किया ॥ ८ ॥ सत्यदेव की प्रसन्नता से वह धन और पुत्रों से युक्त हो गया। इस लोक में सुख को भोगकर अन्त समय में वैकुण्ठ लोक को गया ॥ ९ ॥ जो इस परम दुर्लभ सत्यनारायण के व्रत को करता है और भक्ति के साथ

नृपः ॥ ८ ॥ सत्यदेवप्रसादेन धनपुत्रान्वितोऽभवत् ॥ इह लोके सुखं भुक्त्वा चान्ते सत्यपुरं ययौ ॥ ९ ॥ य इदं कुरुते सत्यव्रतं परमदुर्लभम् ॥ शृणोति च कथां पुण्यां भक्तियुक्तः फलप्रदाम् ॥ १० ॥ धनधान्यादिकं तस्य भवेत् सत्यप्रसादतः ॥ दरिद्रो लभते वित्तं बद्धो मुच्येत बन्धनात् ॥ ११ ॥ भीतो

मनोरथरूपी फल देनेवाली पवित्र कथा को सुनता है ॥ १० ॥ उसके सत्यदेव की कृपा से धन-धान्यादिक होते हैं। दरिद्री धन पाता है, बँधा हुआ बन्धन से छूट जाता है ॥ ११ ॥ और

डरा हुआ भय से मुक्त होता है। यह सत्य है, इसमें संशय नहीं है। मन चाहे फल को भोग अन्त में सत्य लोक को जाता है॥ १२॥ हे ब्राह्मणो (शौनक आदि ऋषियों)! इस प्रकार आप लोगों से सत्यनारायणजी का व्रत कहा गया कि जिसको करके, सब दुःखों से छूटा हुआ

भयात्प्रमुच्येत् सत्यमेव न संशय॥ ईप्सितं च फलं भुक्त्वा चान्ते सत्यपुरं व्रजेत्॥ १२॥ इति वः कथितं विप्राः सत्यनारायणव्रतम्॥ यत्कृत्वा सर्व-दुःखेभ्यो मुक्तो भवति मानवः॥१३॥ विशेषतः कलियुगे सत्यपूजा फलप्रदा॥ केचित्कालं वदिष्यन्ति सत्यमीशं तमेव च॥ १४॥ सत्यनारायणं केचित्सत्य-

मनुष्य मुक्त हो जाता है॥ १३॥ अधिकतर सत्यनारायण की पूजा कलियुग में फल की देने-वाली है। भगवान् को कोई काल, कोई सत्य, कोई ईश, कोई सत्यनारायण तथा कुछ लोग

सत्यदेव कहेंगे। भगवान् नाना प्रकार के रूप धारण करके सबका मनोरथ पूर्ण करनेवाले हैं ॥ १४-१५ ॥ किन्तु कलियुग में सत्यव्रतरूप सनातन भगवान् होवेंगे । श्रीविष्णुजी ने यह सबका मनोरथ पूर्ण करनेवाला रूप धारण किया है ॥ १६ ॥ हे श्रेष्ठ मुनियों ! जो इस

देवं तथापरे ॥ नानारूपधरो भूत्वा सर्वेषामीप्सितप्रदः ॥ १५ ॥ भविष्यति कलौ सत्यव्रतरूपी सनातनः ॥ श्रीविष्णुना धृतं रूपं सर्वेषामीप्सितप्रदम् ॥ १६ ॥ य इदं पठते नित्यं श्रृणोति मुनिसत्तमाः ॥ तस्य नश्यन्ति पापानि सत्यदेव-प्रसादतः ॥ १७ ॥ व्रतं यैस्तु कृतं पूर्वं सत्यनारायणस्य च॥ तेषां त्वपरजन्मानि

सत्यदेव के चरित्र को नित्य सुनता है, सत्यदेव की कृपा से उसके सब पाप नाश हो जाते हैं ॥ १७ ॥ जिन लोगों ने पहले सत्यनारायण का व्रत किया था, हे मुनीश्वरों ! उन लोगों

के अन्य जन्मों का वृत्तान्त कहता हूँ ॥ १८ ॥ बड़ा बुद्धिमान शतानन्द सुदामा नामक ब्राह्मण हुआ। उस जन्म में श्रीकृष्णजी का ध्यान करके वह मुक्त हो गया ॥ १९ ॥ लकड़ियों का बेचनेवाला भील निषादों का राजा हुआ। उस जन्म में श्रीरामचन्द्रजी की सेवा कर वह मुक्त

कथयामि मुनीश्वराः ॥ १८ ॥ शतानन्दो महाप्राज्ञाः सुदामा ब्राह्मणो ह्यभूत् ॥
तस्मिञ्जन्मनि श्रीकृष्णं ध्यात्वा मोक्षमवाप ह ॥ १९ ॥ काष्ठभारवहो भिल्लो
गुहराजो बभूव ह ॥ तस्मिञ्जन्मनि श्रीरामं सेव्य मोक्षं जगाम वै ॥ २० ॥
उल्कामुखो महाराजो नृपो दशरथोऽभवत् ॥ श्रीरङ्गनाथं संपूज्य श्रीवैकुण्ठं
तदाऽगमत् ॥ २१ ॥ धार्मिकः सत्यसन्धश्च साधुर्मोरध्वजोऽभवत् ॥ देहार्धं

हो गया ॥ २० ॥ उल्कामुख महाराज दशरथ नाम के राजा हुए। श्रीरङ्गनाथजी की पूजा करके वह वैकुण्ठ को गये ॥ २१ ॥ सत्य प्रतिज्ञावाले धर्मात्मा साहूकार मोरध्वज नाम करके राजा हुए।

उन्होंने अपना आधा शरीर करोत (आरा) से कटवाकर भगवान् को दिया और भगवत्कृपा से मुक्त हो गये ॥ २२ ॥ तुङ्गध्वज नामक राजा स्वायम्भुव मनु हुए। सबको भगवद्भक्त

क्रकचैश्छित्त्वा दत्त्वा मोक्षमवाप ह ॥ २२ ॥ तुङ्गध्वजो महाराजः स्वायम्भुरभवत्किल ॥ सर्वान् भागवतान् कृत्वा श्रीवैकुण्ठं तदाऽगमत् ॥ २३ ॥

इति श्रीस्कन्दपुराणे रेवाखण्डे सत्यनारायणव्रतकथायां पञ्चमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

बनाकर श्रीवैकुण्ठ को गये ॥ २३ ॥ इस प्रकार स्कन्दपुराणान्तर्गत रेवाखण्ड में श्रीसत्यनारायण कथा का भाषाटीका में पाँचवाँ अध्याय समाप्त हुआ ॥ ५ ॥ * ॥ * ॥

—:०:—

संप्रति
नवलकिशोर-मन्दिर हजरतगंज, लखनऊ

टीकाकार—पण्डित खूबचन्द शर्मा
मुकाम-बसई, तहसील महेन्द्रगढ़
स्टेट पटियाला

# आरती श्री सत्यनारायणजी की

ॐ जय लक्ष्मी रमणा, ॐ जय लक्ष्मी रमणा। सत्य नारायण स्वामी जन पातक हरणा ॥ टेक ॥
रत्न जटित सिंहासन अद्भुत छवि राजे। नारद करत निरंजन घंटा ध्वनि बाजे ॥ॐ जय० १॥
प्रकट भये कलि कारण द्विज को हर्ष दियो। बूढ़ा ब्रह्मण बनकर कंचन महल कियो ॥ॐ जय० २॥
दुर्बल भील कराल जिन पर कृपा करी। चन्द चूर्ण एक राजा जिसकी बिपत हरी ॥ॐ जय० ३॥
वैश्य मनोरथ पायो श्रद्धा तज दीनी। सो फल भोग्यो प्रभुजी फिर स्तुति कीनी ॥ॐ जय० ४॥
भाव भक्ति के कारण क्षण क्षण रूप धरो। श्रद्धा धारण कीनीं तिन को काज सरो ॥ॐ जय० ५॥
ग्वाल बाल संग राजा बन में भक्ति करी। मन वांछित फल दीना दीन दयाल हरी ॥ॐ जय० ६॥
चढ़त प्रसाद सवाया कजली फल मेवा। धूप दीप तुलसी से राजी सत्य देवा ॥ॐ जय० ७॥
श्री सत्यनारायणजी की जो आरती गावे। भनतदास सुख संपति मन वांछित फल पावे ॥ॐ जय० ८॥

—:०:—

# ❋ हरि आरती ❋

ॐ जय जगदीश हरे, स्वामी जै जगदीश हरे। भक्त जनन के संकट क्षण में दूर करें ॥ ॐ जय० ॥
जो ध्यावे फल पावे दुख बिनशे मन का। सुख संपति घर आवे कष्ट मिटे तन का ॥ ॐ जय० ॥
मात पिता तुम मेरे शरण गहूँ किसकी। तुम बिन और न दूजा आस करूँ किसकी ॥ ॐ जय० ॥
तुम हो पूरण परमात्मा तुम अन्तर यामी। पारब्रह्म परमेश्वर तुम सबके स्वामी ॥ ॐ जय० ॥
तुम करुणा के सागर तुम पालन कर्ता। मैं मूरख खल कामी कृपा करो भर्ता ॥ ॐ जय० ॥
तुम हो एक अगोचर सबके प्राण पती। किस विधि मिलूँ दयामय तुमको मैं कुमती ॥ ॐ जय० ॥
दीन बन्धु दुख हर्ता तुम ठाकुर मेरे। अपने हाथ उठाओ द्वार पड़ा तेरे ॥ ॐ जय० ॥
विषय विकार मिटाओ पाप हरो देवा। श्रद्धा भक्ति बढ़ाओ सन्तन की सेवा ॥ ॐ जय० ॥

—:०:—

पुस्तक मिलने का पता

तेज कुमार बुक डिपो ( प्राइवेट ) लिमिटेड

१- तिलोकनाथ रोड, हजरतगंज

पोस्ट बाक्स 85, दूरभाष (०५२२)-२६२३३१५

लखनऊ - २२६ ००१

श्रीमती स्मिता पटवर्धन, प्रबन्ध संचालक, तेज कुमार बुक डिपो (प्रा०) लि० द्वारा प्रकाशित

एवं अवध पब्लिशिंग हाउस, पानदरीबा, लखनऊ द्वारा मुद्रित